Ans. (b) : राजपूताना के बयाना क्षेत्र पर वरीक वंश ने शासन किया था। 371 ई. के विजयगढ़ (बयाना) प्रस्तर शिलालेख से विष्णुवर्धन नामक वरीक वंश के राजा का उल्लेख मिलता है जिसके पिता यशोवर्धन थे।

367. 'बेली क्रिशन रुकमणी री' के रचयिता, किस शासक के दरबारी कवि थे?

(a) विग्रहराज चतुर्थ (b) महाराणा कुम्भा
(c) अकबर (d) अजमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : 'बेली क्रिशन रुकमणी री' के रचयिता पृथ्वीराज राठौड़ थे जो अकबर के दरबारी कवि थे। इनकी रचना कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा पर आधारित है। मध्यकाल की रचनाएँ भक्ति, श्रृंगार, वीरता तथा नीति प्रधान विषय पर आधारित थी। मध्यकाल को राजस्थानी साहित्य का स्वर्ण कला कहा जाता है।

368. निमिलिखित में से कौन-सा (युद्ध-वर्ष) सही सुमेलित नहीं है?

(a) खातौली का युद्ध-1517 (b) खानवा का युद्ध-1527
(c) सामेल का युद्ध-1562 (d) हरमाड़ा का युद्ध-1557

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

युद्ध	वर्ष
(a) खातौली का युद्ध	1517 ई. (इब्राहिम लोदी-राणा सांगा)
(b) खानवा का युद्ध	1527 ई. (बाबर-राणा सांगा)
(c) सामेल का युद्ध	1544 ई. (शेरशाह सूरी-राव मालदेव)
(d) हरमाड़ा का युद्ध	1557 ई. (मालदेव-उदयसिंह)

369. बूंदी रियासत के अंतिम आधिकारिक शासक कौन थे?

(a) महाराव राजा राम सिंह
(b) महाराव राजा बहावुर सिंह
(c) महाराव राजा रघुबीर सिंह
(d) महाराव राजा ईश्वरी सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : बूंदी रियासत के अंतिम आधिकारिक शासक महाराव राजा बहादुर सिंह थे। बूंदी का यह नाम बूंदा मीणा के नाम पर रखा गया है। वर्ष 1948 में बूंदी का राजस्थान में विलय हो गया।

370. निम्नलिखित में से किस षड़यंत्र केस में प्रतापसिंह बारहठ को कारावास दिया गया?

(a) अलीपुर षड़यंत्र मुकदमा
(b) लाहौर षड़यंत्र मुकदमा
(c) उदयपुर षड़यंत्र मुकदमा
(d) बनारस षड़यंत्र मुकदमा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : प्रताप सिंह बारहठ उदयपुर के महाराणा के सलाहकार केसरी सिंह बारहठ के पुत्र थे। 22 वर्ष की उम्र में बरेली जेल में पुलिस यातनाओं से इनकी मृत्यु हुई। इन्हें बनारस षड़यंत्र मुकदमें में कारावास दिया गया था।

371. राजस्थान में 'रूठी रानी' के रूप में कौन सी रानी प्रसिद्ध हुई है-

(a) कोड़मदे (b) उमादे
(c) चांपादे (d) जैतलदे

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (b) – राजस्थान में 'रूठी रानी' के रूप में रानी उमादे प्रसिद्ध हुई। यह जैसलमेर के राव लूणकरण की पुत्री थी। इनका विवाह 1536 ई. में मारवाड़ के शासक राव मालदेव से हुआ। मालदेव की हरकतों की वजह से वह मालदेव से जीवन भर अलग रही।

372. कतिपय राजपूत शासकों की सूची नीचे दी गई हैः

1. राणा सांगा 2. चन्द्रसेन
3. मानसिंह 4. रायसिंह

इनमें से उन दो का चयन करें जिन्होंने मुगलों का सहयोग नहीं किया :

(a) 2 और 4 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 4

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (b) राणा सांगा और चन्द्रसेन नामक दोनों राजपूत शासकों ने मुगलों का सहयोग कभी नहीं किया बल्कि मुगलों के विरूद्ध जीवनभर संघर्ष करते रहे। राणा सांगा मेवाड़ के राजपूत शासक रायमल के पुत्र थे। राणा सांगा हिन्दूपत के नाम से प्रसिद्ध थे। खतोली का युद्ध 1517-18 ई. में राणा सांगा और इब्राहीम लोदी के बीच हुआ। गागरोन का युद्ध 1519 ई. में राणा सांगा और महमूद खिलजी द्वितीय के बीच हुआ। बायाना का युद्ध फरवरी 1527 ई. में राणा सांगा और बाबर के बीच हुआ। खानवा का युद्ध–मार्च 1527 ई. में राणा सांगा और बाबर के बीच हुआ था।

चन्द्रसेन मारवाड़ के शासक राव मालदेव राठौर के छोटे पुत्र थे। राजा चन्द्रसेन को मारवाड़ के प्रताप के नाम से भी जाना जाता है। चन्द्रसेन अपने पिता की भांति भारत के सत्तारूढ़ विदेशी शक्तियों के प्रति सदैव शत्रुतापूर्ण रहें। अतः राणा सांगा और चन्द्रसेन ने मुगलों की कभी मदद नहीं की।

373. निम्न युद्धों को ध्यान में रखकर उनके सही कालानुक्रम को बताइये-

1. हल्दीघाटी का युद्ध
2. खानवा का युद्ध
3. तराइन का दूसरा युद्ध

(a) 1, 2, 3 (b) 2,3,1
(c) 3,2, 1 (d) 1,3,2

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) – सही कालानुक्रम है- तराइन का दूसरा युद्ध 1192 ई. (पृथ्वीराज चौहान एवं मोहम्मद गोरी के मध्य), खानवा का युद्ध 1527ई. (बाबर एवं राणा सांगा के मध्य), हल्दीघाटी का युद्ध 1576 ई. (अकबर एवं महाराण प्रताप के मध्य)

374. निम्नलिखित युद्ध राजस्थान के इतिहास में सीमा चिह्न हैः

1. खानवा का युद्ध
2. भटनेर का युद्ध
3. सुमेल-गिरि का युद्ध
4. हल्दीघाटी का युद्ध

इन युद्धों को सही तिथिक्रम में रखते हुए, सही उत्तर का चयन कीजिएः

(a) 1,2,3,4 (b) 2,1,3,4
(c) 1,2,4,3 (d) 1,3,4,2

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)